Assignment
Class 4 (Hindi)
Ch-3 स्वामी विवेकानंद (part 3)

भाषा से…

**1 संज्ञा (Noun)**

**संज्ञा की परिभाषा:-** जो किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, प्राणी, गुण या भाव का नाम हो, उसे संज्ञा कहते हैं| जैसे-मोहन, टेबल, दिल्ली, घोड़ा, सुंदरता आदि|

**संज्ञा के तीन भेद-**
**1 व्यक्तिवाचक संज्ञा-**जो किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान का नाम हो; जैसे- रमेश, हिमालय, ताजमहल, गंगा, पटना आदि|

**2 जातिवाचक संज्ञा-** जो किसी पूरी एक ही जाति के व्यक्तियों या पदार्थों का नाम हो; जैसे- लड़का, टेबल, घोड़ा, शहर, नदी, पर्वत, गाँव, जंगल, फूल आदि|

**3 भाववाचक संज्ञा-** जो किसी भाव, गुण या अवस्था का नाम हो; जैसे- उदासी, खुशी, बुढ़ापा, बचपन, मिठास, सुंदरता आदि|

**2 सर्वनाम (pronoun )**
**परिभाषा-** संज्ञा की जगह प्रयोग किए जानेवाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं| जैसे- मैं, तुम, वह, वे, यह, आप, उसने, उन्होंने आदि|

**3 विपरीतार्थक शब्द**

| | |
|---|---|
| विदेश × स्वदेश | वक्ता × श्रोता |
| प्रश्न × उत्तर | सफल × असफल |
| धर्म × अधर्म | देशभक्त × देशद्रोही |